हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 13 अगस्त 2025

06 सड़क पर वाहनों की पार्किंग से बिगड़ रही...



07 खाद की किल्लत से परेशान किसान हुए...





## खबर संक्षेप

### योग साधना परिवार मनाएगा कृष्ण जन्मोत्सव

**माखन नगर।** कृष्णा जन्माष्टमी नगर में श्रद्धा ,उत्साह, एवं धूमधाम से मनाई जाएगी। मंगलवार को मनुष्य मिलन योग साधना परिवार की एक बैठक हुई बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय हुआ 3: बजे जन्माष्टमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो महेश्वरी मंदिर से शुरू होगी नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस लौट कर महेश्वरी मंदिर पहुंचेगी जहां महा आरती कर प्रसादी वितरण की जाएगी शोभायात्रा में नगर के सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन एवं नगरवासी शामिल होंगे।

### नर्मदा कॉलेज में बीसीए की सीटें खाली

**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन बीसीए सत्र 2025 -26 के प्रवेश प्रारंभ हैं डॉ उमेश सेन ने जानकारी दी है कि बी सी ए प्रथम वर्ष में कुल सीटें 24 हैं। प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं कला, वाणिज्य एवं विज्ञान या गणित संकाय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। बीसीए में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र पुराना पुस्तकालय भवन या वाणिज्य विभाग में संपर्क कर सकते हैं।

### अन्य बाघ के साथ 'टेरिटोरियल फाइट' में बुजुर्ग बाघ की मृत्यु की रिजर्व प्रबंधन ने जताई संभावना

# बुज़ुर्ग बाघ ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में तोड़ दिया दम, किया अंतिम संस्कार

एसटीआर में नर बाघ मृत अवस्था में पाया गया। प्रबंधन ने बुजुर्ग बाघ की मृत्यु किसी अन्य युवा बाघ के साथ फाइट में हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एसटीआर के कोर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक नर बाघ मृत अवस्था में पाया गया। मौका मुआयना पश्चात रिजर्व प्रबंधन ने संभावना व्यक्त की है कि बुजुर्ग बाघ की मृत्यु किसी अन्य युवा बाघ के साथ टेरिटोरियल फाइट में हुई है। वहीं मंगलवार शाम के पूर्व मृत बाघ का अंतिम संस्कार किया गया है।

मामले में एसटीआर असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद ने प्रेस नोट जारी किया है। जिसके अनुसार मंगलवार की सुबह लगदा बीट में गश्ती दल ने एक नाले में बाघ का शव देखा। जिसकी सूचना प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कामती परिक्षेत्र अधिकारियों को दी गई। सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे।

#### शव में सड़न हो चुकी थी शुरू

जानकारी के अनुसार, बाघ के शरीर पर खरोंच के निशान मिले हैं, जिससे वन विभाग इसे आपसी संघर्ष का मामला मान रहा है। शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है और उसमें सड़न भी शुरू हो चुकी है।



#### पहले भी घुसे हैं शिकारी

स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले मढ़ई के कोर क्षेत्र में तीन युवक मछली पकड़ने के लिए देनवा नदी पार कर जंगल में घुस गए थे। इस दौरान एक युवक पर बाघ ने हमला भी किया था, जो किसी तरह बचकर बाहर निकला। बाद में एसटीआर ने तीनों के खिलाफ अवैध प्रवेश और शिकार की कोशिश का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

#### एसटीआर ने किया अंतिम संस्कार



इस दौरान रिजर्व उप संचालक सहित डॉग स्क्वायड नर्मदापुरम, वन्यजीव चिकित्सक, मढ़ई रेंज ऑफिसर, डिप्टी रेंजर व अन्य कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। बाघ के शव का चिकित्सकों ने परीक्षण किया। जिसके बाद मुख्य वन संरक्षक सहित अन्य अधिकारियों तथा तहसीलदार प्रतिनिधि एवं राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रतिनिधि के समक्ष कोर क्षेत्र में ही बाघ का अंतिम संस्कार किया गया है।

#### बाघ के सभी अंग सुरक्षित

असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार मृत बाघ के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं। मढ़ई रेंजर राहुल उपाध्याय के अनुसार बाघ का विसरा फोरेंसिक जांच के लिए एकत्र किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बाघ वृद्ध है। वन क्षेत्र में जब युवा बाघ अपनी टेरिटरी अर्थात क्षेत्र बनाता है तो अन्य दावेदारों के साथ उनकी लड़ाई होती है। इसे टेरिटोरियल फाइट कहा जाता है। टेरिटोरियल फाइट में कमजोर बाघों की मृत्यु तक हो जाती है। ताजा घटना टेरिटोरियल फाइट का परिणाम बताई गई है। जानकारी अनुसार मृत बाघ का विसरा एकत्रकर जांच के लिए भेजा जाएगा।

## कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में सरकार का पुतला फूंका

### आरोपः शासकीय कई संस्थाएं नहीं रहीं निष्पक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इलेक्शन कमीशन की वोट चोरी और शांतिपूर्ण तरीके से मार्च निकाल रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और तमाम इंडिया गठबंधन के नेताओ की गिरफ्तारी के विरोध मे नगर कांग्रेस ने स्थानीय जयस्तम्भ चौक पर केंद्र सरकार का पुतला फूंका।

नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा जनमत को लूटकर और वोटो की चोरी कर सरकार बनाने वाली केंद्र मे बैठी सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग काम कर रहा है चुनाव आयोग जैसी संवेधानिक संस्था जिसको निष्पक्ष होकर काम होकर काम करना चाहिए था आज चुनाव आयोग द्वारा की गई वोट चोरी से समूचे देश मे आक्रोश है ये सरकार पूरी तरह से अवैध सरकार है जो जनता का विश्वास खो चुकी है।

प्रदर्शन मे प्रमुख रूप से नगराध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, अजय सैनी, अनोकी राजोरिया, फैज़ान उल हक़, मधुसूदन यादव, गुलाम मुस्तफ़ा, विजेंद्र राजपूत, कुलदीप राठौर, दीप सिंह सिसोदिया, सुधाकर गौर , बबलू राठौर कमलेश बाथरे राजेंद्र दोहरे, रिज़वान खान , शैलेन्द्र तोम, कैलाश बाबूजी, अमित खत्री, कपिल यादव, प्रताप ठाकुर , हीरलाल, कीर्ति मिश्रा, आयुष्मान अवस्थी, सिराज खान , चंदू जैन, मुकुल गुप्ता, महमूद फ़ाज़ली, अफराज़ खान राजेश चौहान आदि उपस्तिथ रहे।

## सिल्वर मिस्ट रीटेल रेत कंपनी ने इटारसी अस्पताल को दिया सोलर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





सिल्वर मिस्ट रीटेल प्राइवेट लिमिटेड रेत कंपनी द्वारा मंगलवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल इटारसी मे 10 किलो वाट का सोलर प्लांट और शहर की सेवाभावी संस्था गुरु नानक पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल इटारसी मे स्कूल के बच्चों के लिए 10 कंप्युटर कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निधि से भेट किये गये। सोलर प्लांट लगाने का मुख्य उद्देश इमरजेनसी मे अस्पताल के जो क्रिटिकल वार्ड है उसमे लाइट चले जाने के बाद भी वहा बिजली की समस्या नहीं रहे ।यह सोलर प्लांट की विशेषता यह है कि इसमे बैटरीयुक्त सोलर के द्वारा बिजली को स्टॉरिज करने की क्षमता है। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी हॉस्पिटल इटारसी मे रखा गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ सीतासरन शर्मा विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं एसडीएम टी. प्रतीक राव, तहसीलदार शक्ति तोमर, अस्पताल अधीक्षक महोदय डॉ राकेश चौधरी, सभापति पार्षद राकेश जाधव, राजेन्द्र सिंह सलूजा, हरप्रीत सिंह छाबरा, सिल्वर मिस्ट रीटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधि साकिब अहमद उपस्थित रहे। इस पहल को साकार करने मे मुख्य भूमिका माननीय डॉक्टर सीताशरण शर्मा जी विधायक नर्मदापुरम एवं अनुविभागीय अधिकारी इटारसी टी.प्रतीक राव का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के दोरान मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित माननीय डॉक्टर सीतासरन शर्मा ने अपने उददबोधन मे कहा कि सोलर प्लांट लगने से अस्पताल मे बिजली का बैकअप हमेशा बना रहेगा यहा आने वाले मरीजों को असुविधा नहीं होगी। इसी क्रम मे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टी. प्रतीक राव ने बताया कि अस्पताल में ईमरजंसी वार्ड मे बिजली की समस्या को देखते हुए सोलर प्लांट लगवाने की अत्यंत आवश्यकता थी ओर विधायक से विचार विमर्श करके समाजसेवी कंपनी सिल्वर मिस्ट रीटेल प्राइवेट लिमिटेड के कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निधि के सहयोग से यह संकल्प आज पूरा हो सका। सिल्वर मिस्ट रीटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधि साकिब अहमद द्वारा यह बताया गया कि हमारी कंपनी हमेशा से सामाजिक कार्यों मे आगे होकर योगदान करते रहती है ओर कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि से लगभग 11 लाख रुपए का सोलर प्लांट एवं 2.5 लाख रुपए के कम्पुटरर्स आज प्रदान किए गए।

## सर्वश्रेष्ठ 10 पंचायतों में जिले की पीपलढाना और तिखड़ पंचायत का किया गया चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





पीपलढाना और तिखड़ की पंचायत पुरस्कार पाने के लिए सिलेक्ट हुई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। कल जिला पंचायत में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर और सचिव मनीष राजपूत को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार पंचायत उन्नति सूचकांक में जिले में प्रथम आने के लिए दिया जा रहा है, जो कि 9 एलएसजीडी विषयों में पंचायतों के प्रदर्शन पर आधारित है जिनमें गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका पंचायत गरीबी उन्मूलन और आजीविका में सुधार, स्वस्थ पंचायत स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता, बाल-सुलभ पंचायत बच्चों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं, जल-सम्पन्न पंचायत, जल संसाधनों का प्रबंधन और उपलब्धता, स्वच्छ और हरित पंचायत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर बुनियादी ढाँचा पंचायत की अपनी आय और संसाधनों का प्रबंधन, सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सुरक्षित पंचायत सामाजिक न्याय और सुरक्षा, सुशासन वाली पंचायत पंचायत का प्रशासन और जवाबदेही, महिला-सुलभ पंचायत महिलाओं के लिए सुविधाएं और अवसर राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार की संरचना बहु-स्तरीय है शामिल किये गये हैं।

## स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में देशभक्ति थीम पर इंटर-क्लास प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में देशभक्ति की थीम पर एक शानदार इंटर-क्लास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तीन से बारह तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर, अनेकता में एकता, देशभक्ति गीत, और विभिन्न झाँकियों जैसी आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। प्रतियोगिता का निर्णय करने के लिए पूर्व इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष वंदना समैया और पूर्व सचिव मऊ चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। प्रिंसिपल मोना चटर्जी ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। द चैम्प्स फन स्कूल की शिक्षिका योगिता अरोरा निर्णायक मण्डल में शामिल थी उन्होंने सभी प्रस्तुतियों को ध्यान से देखा और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं का निर्णय लिया। प्राचार्य मोना चटर्जी ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में अपने देश के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना मजबूत होती है। इससे बच्चों में टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है एवं आत्मविश्वास मजबूत होता है। विद्यार्थियों नें अपनी रचनात्मकता और कलात्मकता का भरपूर उपयोग किया। "अनेकता में एकता" जैसे विषयों पर प्रस्तुति देकर बच्चों ने भारत की विविध संस्कृति और परंपराओं को समझा। इससे उनमें देशभक्ति की भावना जागृत हुई।

## मूंग उपार्जन का किसानों को शीघ्र भुगतान कराएंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला कलेक्टर सोनिया मीना ने उपार्जन समिति की बैठक के दौरान मूंग खरीदी कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जित स्कंद के स्वीकृति पत्रक शीघ्र तैयार कर किसानों को उपज का भुगतान समय पर किया जाए। इसके साथ ही, शेष वेयरहाउस रसीद तैयार करने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने नॉन-एफएक्यू एवं रिजेक्टेड स्कंद के अपग्रेडेशन कार्य भी समय पर पूर्ण करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उपसंचालक कृषि द्वारा जानकारी दी गई की 8 अगस्त 2025 तक उपार्जन अवधि के दौरान 64068 किसानों से 203131.53 एमटी मूंग की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए की उपार्जित मूंग का भुगतान किसानों को शीघ्र किया जाए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने खाद आपूर्ति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में खाद का वितरण डबल लॉक केंद्र एवं समितियों के माध्यम से निरंतर एवं सुचारु रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद की कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए तथा अमानक खाद एवं उर्वरक की बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए।

## संभागीय संयुक्त संचालक ने शासकीय कन्या उमावि जुमेराती का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुमेराती का संभागीय संयुक्त संचालक डॉ मनीष शर्मा ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयीन अभिलेखों का परीक्षण किया गया, बोर्ड कक्षाओं की छात्राओं का शैक्षणिक स्तर परखा ।

उन्होंने बोर्ड परीक्षा परिणाम, अच्छे प्राप्तांक कैसे प्राप्त करें से संबंधित टिप्स दिए गये। इसके साथ ही लेपटॉप व स्कूटी वितरण के लाभ को लेकर छात्राओं को प्रेरित किया। अधिकतम छात्राओं को इन्हें प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शाला में संचालित विभिन्न लेब भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, आईसीटी लेब आदि का निरीक्षण किया व निर्देशित किया कि प्रयोगशाला में नियमित रूप से छात्राओं को प्रयोग आधारित शिक्षण करवाया जाएं जिससे अधिकतम छात्राओं को इसका लाभ प्राप्त हो । उन्होंने कहा कि शाला स्टाफ विद्यालय में समय पर उपस्थित हों व सभी ई-अटेडेंस का उपयोग कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। साथ ही छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित करें जिससे परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में जे.डी. कार्यालय से संभागीय व्यवसायिक समन्वयक सुदीप गौर, शाला प्राचार्य श्रीमती कीर्ति शिवपुरिया व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें।

## समेरिटंस स्कूल के तीन कबड्डी खिलाड़ी संभाग टीम में चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस विद्यालय बायां जिला सीहोर की कबड्डी टीम ने एक बार फिर अपने शानदार खेल से सबको चकित कर दिया। विद्यालय की टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में फाइनल तक का सफर किया और उप विजेता रही। उक्त प्रतियोगिता भेरूंदा में खेली गई थी। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए जिला स्तरीय विद्यालय के छात्र निखिल कीर, नवनीत गौर और नितिन को सहयोग स्तरीय टीम में शामिल किया गया है। खिलाड़ी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर संस्था की संचालन समिति सदस्यों, प्राचार्य श्रीमती अपर्णा तिवारी, पीटीआई नीलेश यादव सहित शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी।

### हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान हुआ प्रारंभ

# नपाध्यक्ष ने तिरंगा यात्रा को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग नगरपालिका परिषद द्वारा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता को लेकर आज विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सहित सभापति पार्षदगणों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के आगे चल रहे आटो में स्वच्छता के गीत तथा राष्टÑप्रेम से ओतप्रोत गीत बजाए जा रहे थे। स्वच्छता रैली ने समूचे नगर में स्वच्छता का संदेश देते हुए भ्रमण किया।

साथ ही नगरपालिका परिषद में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें नपाध्यक्ष द्वारा अपने हस्ताक्षर कर शुरूआत की गई। इस अवसर पर पार्षद सभापतिगण, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, पूर्व पार्षदगण सहित नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने जोश जज्बा के साथ रैली को रवाना किया।

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता को लेकर रैली का आयोजन किया गया था। सभी स्वच्छता वाहनों के माध्यम से नगर भ्रमण कर स्वच्छता के प्रति अलख जगाई गई। नगरपालिका परिसर में हर घर तिरंगा और स्वच्छता को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए।

## विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा, गूंजे देशभक्ति के नारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वतंत्रता दिवस के पूर्व मंगलवार को नगर देशभक्ति के रंग में रंगा दिखा। भारत माता की जय के नारों के बीच स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, गणमान्यजन, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के सदस्य कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते रहे। मौका था, हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का। तिरंगा यात्रा गांधी स्टेडियम स्थित गांधी प्रतिमा के सामने से प्रारंभ हुई। जिला भाजपा की अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने यात्रा को तिरंगा लहराकर रवाना किया। इस दौरान कुछ देर के लिए विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा भी शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे, जिला भाजपा महामंत्री मुकेश मैना, एमजीएम कॉलेज जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन, नगर भाजपा मंडल इटारसी के अध्यक्ष राहुल चौरे, नगर मंडल पुरानी इटारसी के अध्यक्ष मयंक महतो आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### पुनर्वास क्षेत्र चोपना में तिरंगा यात्रा संपन्न

**शाहपुर।** पुनर्वास क्षेत्र चोपना में राष्ट्रभक्ति और उत्साह के साथ भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का समापन स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस आयोजन का संचालन भारतीय जनता पार्टी चोपना मंडल द्वारा किया गया, जिसमें मंडल प्रभारी किशोरी वर्दे, मंडल अध्यक्ष विप्पलव समद्दार, जिला जनपद सदस्य सीमा तपन विश्वास, वरिष्ठ नेता तपन विश्वास, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय पाल, बापी बैन, अरविंद धुर्वे, राधे श्याम उईके, महेश सरकार, जितेंद्र मंडल, सहदेव राय, सामाजिक कार्यकर्ता, नागरिक गण, स्कूल के बच्चे, और सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी एसपी सक्सेना ने बच्चों को संबोधित करते हुए जीवन में सफलता पाने के गुर बताए। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन, मेहनत और सही दिशा ही लक्ष्य तक पहुँचने की सबसे बड़ी कुंजी है। साथ ही उन्होंने बच्चों को अपने जीवन में सही लक्ष्य चुनने और उस दिशा में सतत प्रयास करने की प्रेरणा दी।

### सोनाघाटी में विशेष कैंप 13 अगस्त को

**बैतूल।** ग्राम पंचायत कढ़ाई के अंतर्गत सोनाघाटी में पुनर्स्थापित पारधी बस्ती के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए 13 अगस्त को विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने शिविर के आयोजन को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला आपूर्ति अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, जनपद सीईओ, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को शिविर में प्राप्त शिकायतों का सकारात्मक निराकरण कर पालन प्रतिवेदन के लिए दिशा निर्देश दिए।

### ऋण पर मिलेगा ब्याज अनुदान का लाभ

**सारनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत ऋण पर ब्याज अनुदान योजना का लाभ आम लोग ले सकते हैं। योजना के तहत ऐसे आवेदक जिनकी वार्षिक आय 9 लाख रूपए से कम है, स्वयं के आवास निर्माण हेतु लिए गए ऋण पर योजना के तहत 1.80 लाख रूपए तक अनुदान का लाभ ले सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र के ऐसे हितग्राही जिन्होंने 01 सितंबर 2024 के बाद ऋण लिया है या ऋण लेना चाहते हैं वे ब्याज अनुदान की पात्रता रखते हैं। इस हेतु आवेदक की आय 9 लाख रूपए वार्षिक से कम हो, ऋण राशि अधिकतम 25 लाख एवं अवधि 5 वर्ष की हो। भवन की लागत 35 लाख तक की हो। ऐसे आवेदक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत ब्याज सब्सिडी हेतु नपा परिषद सारनी अथवा संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

## नपा ने सड़कों का कराया था चौड़ीकरण, ताकि आ-जा सके वाहन

# सड़क पर वाहनों की पार्किंग से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगरपालिका ने शहर में करोड़ों रूपये की लागत से सडक़ों का चौड़ीकरण किया। एक जानकारी के अनुसार शहर में करीब 22 किमी लंबाई की सडक़ों को चौड़ा किया गया, किनारों पर फुटपाथ भी बनाए। जिसका फायदा पार्किंग के रूप में उठाया जा रहा है। हालात यह है कि दुकानदारों, बड़े मॉल संचालकों के पास पार्किंग व्यवस्था नहीं है। इससे दुकानदार और दुकानों में आने वाले ग्राहक सडक़ों पर वाहनों की पार्किंग कर सडक़ों पर कब्जा कर रहे है। घंटो तक यह वाहन सडक़ों पर खड़े रहते है और यातायात में बाधक बनते है। लेकिन नपा अपनी ही बनाई सडक़ों और किए सौंदर्यीकरण को भूल गई है।

दरअसल गंज से कोठी बाजार को जाने वाली सडक़ के किनारों पर बनाए अधिकांश फुटपाथों पर दुकानदारों का कब्जा है। केवल एसपी ऑफिस चौराहे से बीएसएनएल कार्यालय तक ही फुटपाथ स्पष्ट और पहले की तरह हैं। यहां पर बेंचों पर लोग बैठते हैं और पैदल टहलते भी हैं। इसके आगे गंज हाथी नाले तक फुटपाथ पूरे नदारद हो गए हैं। यहां पर दुकान संचालकों का सडक़ पर कब्जा है। शाम के समय तो यहां सडक़ और फुटपाथ पर वाहन खड़े होते हैं। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### 6 साल पहले हटाया गया था अतिक्रमण

विकास नगर से कालापाठा की ओर जाने वाली सडक़ पर भी दोनों ओर सडक़ तक दुकानें बढ़ा दी हैं। खासकर फर्नीचर और लकड़ी के कारोबारियों ने यहां सडक़ को अपना कारोबार चमकाने की जगह बना लिया है। यहां पर नपा ने 6 साल पहले अतिक्रमण हटाने के लिए तोडफ़ोड़ की थी, लेकिन इसके बाद नपा अमला यहां पर नहीं पहुंचा है। जबकि यहां पर सैकड़ों अतिक्रमण पैर पसारे हुए हैं। कई तो बड़ी-बड़ी इमारतें यहां पैर जमाए हुए हैं। गंज और कोठी बाजार पर ही नपा अमले की नजर रहती है, कालापाठा एक ओर होने के कारण इसकी जांच तक नहीं हुई।

### डेढ़ - डेढ़ मीटर के फुटपाथ बनाए थे

कांतिशिवा चौराहे से मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के प्रोजेक्ट पर नगरपालिका ने काम शुरू किया था। इस दौरान 22 किमी लंबाई की सडक़ों को चौड़ा किया गया था। सडक़ के बीच में डिवाइडर बनाए थे। इनके दोनों ओर 7.5-7.5 मीटर चौड़ी डामर सडक़ बनाई थी। इन सडक़ों के दोनों ओर डेढ़-डेढ़ मीटर चौड़े फुटपाथ बनाए गए थे। इन फुटपाथ के नीचे अंडरग्राउंड नालियां भी बनाई गईं। लेकिन धीरे-धीरे दुकानों का कारोबार सडक़ तक पहुंच गया। जिससे कई बार वाहन चालकों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी हालात ऐसे बन जाते है कि ज्यादा ट्रॉफिक होने पर लोगों को वाहन निकालने तक की जगह नहीं मिल पाती है और वाहन चालक परेशान होते रहते है।

### बस स्टैंड से लल्ली चौक तक पर भी यहीं हाल

नगरपालिका ने हाल ही में बस स्टैंड से लल्ली चौक तक सडक़ का चौड़ीकरण किया है, ताकि वाहन चालकों को आने-जाने में सुविधा हो सके। नपा ने सडक़ के बीच डिवाइडर भी बनाये है, लेकिन सडक़ के चौड़ीकरण का लाभ आमजनों को नहीं मिल पा रहा है। यहां वाहन चालक डिवाइडर से लगकर वाहन खड़ा कर देते है या दूसरी तरफ दुकानों की ओर वाहन खड़े होते है। जिससे सडक़ की चौड़ाई प्रभावित हो जाती है। साप्ताहिक बाजार वाले दिन तो हालात ऐसे हो जाते है कि वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुकानदारों का सामान लेकर आने वाले बड़े वाहन भी दुकानों के सामने खड़े रहते है। जिससे वाहनों को निकलने में भी कठिनाइयां आती है।

#### कार्रवाई की जाएगी

यदि सड़क पर कब्जा किया जा रहा है तो इसे हमारे अमले द्वारा हटवाया जायेगा। सड़क पर वाहन खड़े नहीं किये जा सकते है। यातायात अमले की मदद से पहले भी कार्रवाई की गई है और आगे भी की जावेगी।

बृजगोपाल परते,
आर. आई., नगरपालिका बैतूल

## प्राचार्यों के साथ विधायक उइके ने किया प्रेरणा संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

घोड़ाडोंगरी विधानसभा स्तर पर विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके द्वारा विधानसभा स्तर पर घोड़ाडोंगरी के सांदीपनि विद्यालय में हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय के संस्था प्रमुख प्राचार्यों के साथ प्रेरणा संवाद किया। कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य विवेक तिवारी, घोड़ाडोंगरी बीईओ दिनेश कुमार मानकर ,चिचोली बीईओ दीपक महाले, शाहपुर बीईओ डी.के. बर्डे द्वारा विधायक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में विधायक द्वारा घोड़ाडोंगरी विधानसभा से उपस्थित सभी प्राचार्यों से परिचय प्राप्त किया। विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने कहा कि जब भी मैं घोड़ाडोंगरी सांदीपनि विद्यालय में आती हूं, यहां की व्यवस्था को देखकर मेरे मन में हमेशा विचार आता था कि मेरी विधानसभा के सभी स्कूलों में भी ऐसा ही बेहतर कार्य होना चाहिए, मेरे द्वारा प्राचार्य श्री तिवारी से कहा था, आपके विद्यालय में विधानसभा के सभी प्राचार्यों के साथ प्रेरणा संवाद आयोजित हो, जिससे आपके द्वारा विद्यार्थियों के लिए किए जा रहे नवाचारों से सभी प्राचार्य अवगत हो सके और अपने स्कूलों में भी अच्छा कार्य कर सके। प्रेरणा संवाद का उद्देश्य हम सभी एक दूसरे से अपने सुझाव एवं शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार साझा कर सके। सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य विवेक तिवारी एवं शिक्षकों का कार्य बहुत अच्छा है। विधायक उइके ने विधानसभा क्षेत्र के सभी बीईओ व प्राचार्यों को विकासखंड स्तर पर नवाचार किए जाने हेतु मार्गदर्शित किया । उन्होंने प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी कार्य शैली ही आपको आगे पहुंचती है। सांदीपनि विद्यालय घोड़ाडोंगरी के प्राचार्य विवेक तिवारी ने प्रेरणा संवाद कार्यक्रम में विधायक उईके, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं उपस्थित प्राचार्यों को उनके विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि सर्वप्रथम शाला प्रबंधन ,शैक्षणिक पहलू और पाठ्यक्रम गतिविधियो सहित उनके विद्यालय में आयोजित 11 समितियां के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते घोड़ाडोंगरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार मानकर ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिक्षा के क्षेत्र में बहुआयामी प्रयास कर निरंतर आगे बढ़ा रहे है, हमारी विधायक मैडम, जो कि शिक्षक वर्ग से आती है, उनकी जो सच है मेरी विधानसभा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े, हम सभी भी अपने-अपने स्कूलों में अच्छी शिक्षा के साथ नवाचार के माध्यम से आगे बढ़ेंगे। प्रेरणा संवाद कार्यक्रम को चिचोली बीईओ दीपक महाले, शाहपुर बीईओ डी.के बरडे, बीआरसी पीसी बोस सहित सभी प्राचार्यों ने भी अपने अपने सुझाव एवं विद्यालय की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। जहां सभी प्राचार्यों की बातों को विधायक द्वारा ध्यान से सुनकर अपनी डायरी में नोट भी किया गया।

# सांदीपनि व मॉडल स्कूल के 116 छात्रों को विधायक ने वितरित की साइकिल

## अभियान के तहत चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



नगर घोड़ाडोंगरी के सांदीपनि विद्यालय और मॉडल स्कूल के 116 विद्यार्थियों को सोमवार विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में साइकिलो का वितरण किया गया। सर्वप्रथम सांदीपनि विद्यालय की एनसीसी की छात्राओं द्वारा विधायक को गेट से मार्चपास्ट करते हुए मंच तक लाकर सलामी दी गई। प्राचार्य विवेक तिवारी ने बताया कि सांदीपनि विद्यालय की एनसीसी छात्राओं द्वारा ट्रेनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिन्हें गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र भेजा है, सभी एनसीसी की छात्राओं को विधायक गंगासज्जन सिंह उईके एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी एवं प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अच्छा कार्य हो रहा है विद्यालय में लम्बी दूरी तय करके आने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े उन्हें आज शासन की योजना के तहत साइकिल वितरण किया जा रहा है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा गृहण कर अपने परिवार, जिला और प्रदेश का नाम रोशन करने की अपील की । विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके द्वारा घर-घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय में आयोजित चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता को भी देखा एवं छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की सराहना की। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मालवीय ने कहा कि भाजपा सरकार में केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बहुआयामी विकास कर रही है छात्रों को अब पढऩे पर ध्यान देना है उनकी पढ़ाई की चिंता सरकार कर रही है।आप सभी भाग्यशाली हो जिन्हें शासन की हर सुविधा का लाभ प्राप्त हो रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश महतो ने अपने संबोधन में शासन से मिलने वाली साइकिल, गणवेश, छात्रवृत्ति एवंअन्य योजना का विद्यार्थियों को अधिक से अधिक लाभ दिए जाने सहित अच्छी सुविधा पर विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया।

## देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर, बच्चों ने झांकी का किया प्रदर्शन

# नपा ने बगडोना से सारनी तक निकाली तिरंगा वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार 12 अगस्त को बगडोना से सारनी तक विशाल तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया। पूरे शहर में निकाली गई यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत हुआ। यात्रा का समापन शहीद स्मारक सारनी में हुआ। बगडोना में स्थित नगर पालिका के आनंद परिसर से मंगलवार को दोपहर 2 बजे तिरंगा वाहन रैली प्रारंभ हुई। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षदगण दशरथ सिंह जाट, भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, योगेश बर्डे, प्रवीण सोनी, जफर अंसारी, आकाश पंद्राम एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम समेत अन्य लोगों ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रैली शोभापुर स्टाप, हाईस्कूल, सुपर मार्केट, एस.बी.आई. चौक, अंबेडकर चौक, जैरी चौक, कालीमाई, सतपुड़ा तौल होते हुए पाथाखेड़ा जी.एम. आफिस चौक पहुंची। यहां से पुराना बाजार, मस्जिद चौक, न्यू मार्केट, विजय क्रीडांगण होते हुए पाथाखेड़ा बस स्टैंड आई। यहां से रैली डब्ल्यूसीएल बैरियर, गुणवंत बाबा मंदिर, जय स्तंभ, शॉपिंग सेंटर होते हुए शहीद स्मारक पहुंची। डीजे की धुन पर देशभक्ति गीत और देशभक्ति के नारों से पूरा शहर गूंज गया।

### भारतीय सेना की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

*रैली के दौरान खुली जीप पर भारत माता और भारतीय सेना की झांकी सजाई गई थी। दिल्ली पब्लिक स्कूल बगडोना के बच्चों ने उक्त झांकी का प्रदर्शन किया। गोलू राजपूत ने बताया कि बच्चे स्वयं रैली को लेकर उत्साहित होकर भारत माता और सैनिकों के वेष में उपस्थित हुए। मंच पर भारत माता और उक्त सैनिक बने बच्चों का सम्मान किया गया। स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम 13 अगस्त को शहीद स्मारकों पर होगा। इसी दिन मठारदेव मंदिर परिसर में स्व. सहायता समूह की महिलाओं की रंगोली स्पर्धा आयोजित की जाएगी। 14 अगस्त को स्मारक, शिलाफलकम पर पुष्पांजलि और शपथ कार्यक्रम होगा। शाम को यहां दीपों की रोशनी कर शहीदों को याद किया जाएगा।*

### अंबेडकर कॉलेज में निकाली तिरंगा यात्रा




**बैतूल।** बीआर अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई। महाविद्यालय से चक्कर रोड तक रैली निकाल कर हर घर तिरंगा लगाने के लिए लोगो को जागरूक किया। तिरंगा यात्रा में बडी संख्या में बी.एड स्कालर्स एवं संचालक महोदय सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## शेषराव को मिला न्याय, भूमि विवाद के प्रकरण में एसडीएम को जांच के निर्देश

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम सोनोरा निवासी शेषराव ने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को बताया कि तहसीलदार के तीन बार आदेश होने के बावजूद संबंधित पटवारी द्वारा उनकी भूमि पर आवागमन के लिए रास्ता नहीं खुलवाया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि वे 2 वर्षों से परेशान है। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एसडीएम मुलताई को प्रकरण की जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित पटवारी को निलंबित किया जाएं। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि एक ही शिकायत के निराकरण के लिए आवेदकों को बार-बार जनसुनवाई में न आना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फर्जी पट्टा और प्रमाण पत्र पर दिए जांच के निर्देश

जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम डिवटिया निवासी हीराबाई ने अनावेदकों का गलत सीमांकन किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई एसडीएम को प्रकरण की जांच कर जल्द से जल्द सीमांकन किए जाने के निर्देश दिए। ग्राम चोपना निवासी नित्यानंद सरकार ने आवेदन के माध्यम से फर्जी प्रमाण पत्र एवं पट्टा बनाए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शाहपुर एसडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम पाढर निवासी महेश ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरुस्त किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शाहपुर एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### पीएम आवास योजना के प्रकरण में एसडीएम को दिए जांच के आदेश

जनसुनवाई में आमला तहसील निवासी लक्ष्मण राठौर ने जनसुनवाई में आवेदन देकर पीएम आवास योजना के तहत लिस्ट में नाम आने के बाद भी योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला में रमेश देशमुख बाबू को प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एसडीएम को पूरी जांच कर तत्काल आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

चिचोली तहसील के ग्राम मलाजपुर निवासी बतसया बिसोने ने आवेदन के माध्यम से पुत्र के द्वारा मारपीट कर घर से निकल जाने की शिकायत की। आवेदक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार और एसडीएम को भरण पोषण अधिनियम के तहत सहायता देकर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस व पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन



**शाहपुर।** सरकारी महाविद्यालय शाहपुर के पुस्तकालय विभाग द्वारा मंगलवार को पद्मश्री डॉ. एस. आर. रंगनाथन की जयंती एवं राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम और पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. नीतू जायसवाल माहोरे द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डॉ. रंगनाथन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. रंगनाथन के योगदान को याद करते हुए उनके द्वारा प्रतिपादित पुस्तकालय के पाँच नियम की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। पुस्तक प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों की दुर्लभ एवं नवीनतम पुस्तकें प्रदर्शित की गईं, जिन्हें छात्रों एवं शिक्षकों ने बड़े उत्साह से देखा। साथ ही डिजिटल संसाधनों और ई-लर्निंग सामग्री के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. पवन सिजोरिया ने कहा कि पुस्तकालय केवल किताबों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार का जीवंत केंद्र है। उन्होंने सभी छात्रों को पुस्तकालय के संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों कु. प्रिया मवासे, गजेंद्र धुर्वे, टीनू धुर्वे,कु. गीता चोरगड़े,कु.ज्योति उइके,अभिजीत काजले, शबीत लविष्कर, कुमारी वर्षा मर्सकोले इत्यादि विद्यार्थियों के द्वारा पुस्तकालय के ऊपर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं पुस्तकालय प्रेमी उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों ने पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### अधिकारियों की समझाइश पर माने किसान, बोले जल्द बनाएं खाद वितरण व्यवस्था

# खाद की किल्लत से परेशान किसान हुए नाराज, हाईवे 46 पर लगाया जाम

**खाद नहीं मिलने से परेशान होकर मंगलवार को नेशनल हाईवे 46 को जाम कर दिया। हालाकि अधिकारियों की समझाइश के बाद जाम वापस ले लिया। किसानों के मुताबिक जिले में खाद की किल्लत हमेशा परेशानी बनती रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



विकासखंड केसला के सैंकड़ों किसानों ने खाद नहीं मिलने से परेशान होकर मंगलवार को नेशनल हाईवे 46 को जाम कर दिया। केसला पुलिस और संबंधित अधिकारियों की समझाईश के बाद जाम खोला गया। किसानों ने खाद नहीं मिलने से परेशान होकर सहकारी समिति के दफ्तर में ताला डाल दिया और रोड पर आकर बैठ गये थे। आज सुखतवा केसला के किसान और सहकारी समिति के कर्मचारियों के साथ खाद वितरण को लेकर विवाद हुआ और समिति के खाद के स्थान पर केवल आश्वासन मिलने से परेशान किसानो ने राष्ट्रीय राजमार्ग 46 जाम कर दिया। किसानों ने सहकारी समिति के कार्यालय पर ताला डालकर धरना दे दिया। प्रशासन को सूचना मिलते ही तहसीलदार हीरु कुमरे एवं उनकी टीम सुखतवा सहकारी समिति कार्यालय पहुंची और किसानों को समझाइश दी।

किसानों ने समिति संचालक एवं प्रबंधक से लिखित में मांग की कि किसानों को पूरा खाद वितरण करेंगे, उसके बाद ताला खोला गया। दुर्गेश धुर्वे ने समिति के शाखा प्रबंधक दीक्षा लोधी की शिकायत करते हुए कहा कि वह कभी समय पर कार्यालय नहीं आती है और ना ही किसानों का फोन उठाती हैं जिससे किसानों ने आक्रोशित होकर नारेबाजी करते हुए प्रबंधक को हटाने की मांग रखी और तहसीलदार हीरु कुमर को ज्ञापन सौंपा।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर, जिला सहकारी बैंक शाखा पुरानी इटारसी के प्रबंधक संतोष पटेल पर्यवेक्षक के साथ पहुँचे। और किसानों की समस्या को सुना। प्रबंधक पटेल ने किसानों को समझाइश देते हुये कहा कि किसानों को खाद की समस्या से परेशान नही´ होने देंगे।चार पांच दिन में रैक आने पर किसानों को खाद का वितरण किया जायेगा।अभी सोसायटी में 1657 बोरी यूरिया और 1200 एनपीके का वितरण किया जा रहा है।अगले रैक में अन्य किसानों को खाद वितरण किया जाएगा।किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नही´ है।जैसे जैसे रैक आयेगा वैसे वैसे खाद का वितरण सोसायटी से किया जायेगा।

#### अलग खाद वितरण केन्द्र बनायें

किसानों का कहना है कि शासन और प्रशासन से बार-बार निवेदन किया कि सुखतवा और केसला के लिए अलग से केसला में एक खाद्य विक्रय केंद्र बना दिया जाए जिससे वहां के किसानों को इटारसी ना आना पड़े। पहले वहां किसान टोकन लेने जाएगा फिर उसके बाद में खाद लेने। सबसे ज्यादा आदिवासी किसान वहीं पर हैं, लेकिन यह बात ना शासन को समझ में आती है और ना प्रशासन को।सबसे अधिक परेशानी का सामना केसला, सुखतवा और साधपुरा से लगे ग्रामों को उठाना पड़ता है। किसानों ने शासन से निवेदन किया है कि केसला में और सुखतवा में नगद खाद विक्रय की व्यवस्था की जाए और सहकारी समिति के सदस्यों को उनके खातों में खाद की व्यवस्था की जाए।

उक्त मौके पर जनपद सदस्य संतोष सल्लाम, दुर्गेश धुर्वे जनपद सदय विजय कावरे, उमेश इरपाचे, सरपंच मोहन सिंह भूसारे, सरपंच सरवन मर्सकोले, विष्णु यादव, अजय साहू, अंकित यादव, संजू काजले, जसमान, सोनू शुक्ला सहित सेंकड़ो किसान मौजूद रहे।

# देशभक्ति के रंग में रंगा नर्मदांचल

## जगह-जगह निकाली तिरंगा यात्राएं

### तिरंगा यात्रा के लिए बैठक आयोजित, विधायक ने किया सहभागिता का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्वतंत्रता दिवस पर हर घर में तिरंगा लहराया जाएगा। इस संबंध में सोमवार शाम सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की अध्यक्षता में नप सोहागपुर सभागार में बैठक आयोजित की गई है। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के अनुसार बैठक में नगर के निजी व शासकीय विद्यालयों के संचालकों तथा एवं प्राचार्यों सहित नगर के अधिकारी व वरिष्ठजन सम्मिलित हुए। तय किया गया है कि तिरंगा यात्रा निकालने तथा हर घर तिरंगा फहराने जाए की योजना बनाई जाए। विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि बैठक के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाई जाए। उन्होंने कहा कि लोगों में अपने देश व तिरंगें के प्रति सम्मान का भाव जागृत करने के लिए यह अभियान पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाया जा रहा है। विद्यालयों से रैली निकालें जिसमें में बच्चे सम्मिलित हों। विद्यालयों द्वारा देश का गौरव बढ़ाने वाली झांकी बनाई जाए। जानकारी अनुसार तिरंगा यात्रा 14 अगस्त 2025 को सुबह 10 बजे जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर के प्रांगण से प्रारंभ होकर पेट्रोल पंप चौराहा, कोर्ट, श्रीराम चौक, बिहारी चौक, शासकीय कन्या शाला से होते हुए रानी लक्ष्मीबाई मंच पहुंचेगी, जहां रैली का समापन किया जाएगा।

### पुलिस, राजस्व व वनकर्मियों ने निकाली तिरंगा बाइक रैली



**सोहागपुर।** शहर में मंगलवार दोपहर पुलिस विभाग की प्रेरणा से पुलिस कर्मियों, राजस्व कर्मियों एवं वन विभाग के कर्मचारियों ने शहर के मुख्य मार्ग पर तिरंगा बाइक रैली निकाली। जिसमें अन्य विभागों के कर्मचारियों सहित आम नागरिक एवं भाजपा नेता तथा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। तिरंगा बाइक रैली शहर के सभी मुख्य एवं अंदरूनी मार्गो से निकाली गई। टीआई उषा मरावी एवं एएसआई गणेश राय से प्राप्त जानकारी अनुसार रैली दौरान हर घर तिरंगा अभियान के लिए नागरिकों को प्रेरित किया गया। तिरंगा बाईक रैली का समापन थाने में किया गया। जहां एसडीओपी संजू चौहान, टीआई ऊषा मरावी व अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों, भाजपा नेताओं व आम नागरिकों ने तिरंगा थामकर 'भारत माता की जय' तथा 'तिरंगा अमर रहे' नारे लगाए। इस दौरान एसडीओपी संजू चौहान, टीआई उषा मरावी, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, पार्षद रविशंकर उईके, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, आरआई गुलाबचंद उईके, पटवारी अशोक इवने तथा वन विभाग से दुष्यंत मीना, इलयास खान, आदि उपस्थित थे।

### सोहागपुर विधायक के नेतृत्व में ग्राम आरी में निकाली तिरंगा यात्रा



**माखन नगर।** विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत आरी मै विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामवासियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ तिरंगा यात्रा एक्सीलेंस स्कूल से प्रारंभ हो कर गांव के तालाब मोहल्ले से होते हुए मुख्य मार्ग पर, चौक चौराहों पर ग्रामवासियों द्वारा अपने अपने घरों की छत से पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा का समापन ग्राम पंचायत भवन में सभा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक के साथ, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता, सत्यनारायण पाराशर , निखिलेश चतुर्वेदी , फूलचंद यादव, जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामी, जनपद उपाध्यक्ष लालचंद यादव , मंडल अध्यक्ष विपिन यादव, मनीष चतुर्वेदी, सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार झा , मुकेश तिवारी , सूरज मालवीय , केतार सिंह चौहान , राजेंद्र सिंह चौहान, देवेंद्र तोमर शिवपाल , रमेश निमोदा (सरपंच प्रतिनिधि गुराडिया मोती) जनपद सदस्य श्रीमति केसर बाई, कमलेश पाण्डे , सरपंच सुगंती पाण्डे , सचिव सुरेंद्र सिंह तोमर आदि उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया शास.स्कूलों के विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर/शोभापुर

मप्र शासन की योजनानुसार शासकीय स्कूली विद्यार्थियों को निशुल्क साईकिल वितरित की जाती है। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम शोभापुर में साईकिल वितरण कार्यक्रम सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में किया गया है। जानकारी अनुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शोभापुर में निशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को नई साईकिल मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक विजयपाल सिंह ने इस दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी भारतीय संस्कृति का पालन करें तथा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक आपके भविष्य गढ़ने का काम करते हैं, उनका सम्मान आपको प्रगति पथ पर अग्रसर करेगा। उन्होंने बच्चों से यन लगाकर पढ़ने की बात कही।

बीआरसीसी सोहागपुर राकेश रघुवंशी ने बताया कि शोभापुर के दो संकुल केंद्रों शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अंतर्गत 14 सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को साईकिलें दी गई है। रघुवंशी के अनुसार जिन स्कूलों के बच्चों को साईकिलें दी गई हैं उनमें हायर सेकेंडरी कन्या तथा हायर सेकेंडरी बालक स्कूल शोभापुर एवं अजनेरी, सौंसारखेड़ा, भटगांव व चंदेरी के हाईस्कूलों सहित कन्या शोभापुर, चांदीखेड़ी, गजनई, कोहानी, भटगांव, खिड़यिामंदिर, गलचा, रनमौथा, अकोला मिडिल स्कूल सम्मिलित हैं। शिक्षा विभाग अधिकारियों से प्राप्त जानकारी अन्य कार्यक्रम में 183 छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरित की गई हैं। जिसमें शोभापुर के दो संकुल केंद्रों के अंतर्गत आने वाले सरकारी विद्यालयों के पात्र विद्यार्थियों को साईकिल दी गई हैं। कार्यक्रम दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को समर्पित एक पौधा भी स्कूल परिसर में रोपा गया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष ललित पटेल, केशव जाजू, विनीत भार्गव, संदीप पटेल, शरद दुबे, चंद्रगोपाल भार्गव, विमल साहू सहित पार्टी कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**



## प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के नमूने लिए

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने मंगलवार को हरदा के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सामग्रियों के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कमताडा के अभिषेक किराना से मिर्च पाउडर और चंद्रकला किराना से साबूदाना के सैम्पल लिये गये। उन्होने बताया कि ये सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे तथा जांच बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा अग्रवाल रेस्टोरेंट डबल फाटक के निरीक्षण दौरान मौके पर लाइसेंस नहीं पाया गया। श्री कांबले ने बताया कि लाइसेंस नहीं बताने पर कार्यवाही कि जाएगी। साथ ही विक्रेता को रेस्टोरेंट में साफ सफाई व्यवस्था बनाये रखने के लिये कहा गया।

## एक आरोपी को किया गया जिला बदर

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर रमेश विश्नोई पिता शांतिलाल विश्नोई निवासी चारूवा थाना छीपाबड़ जिला हरदा को 6 माह के लिये जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। जिला बदर की अवधि में आरोपी रमेश विश्नोई हरदा जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिलों नर्मदापुरम, देवास, खंडवा, सीहोर और बैतूल जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा।

## 24 घंटों में जिले में 1.4 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 1.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 7 मि.मी., सिराली में 0 मि.मी. तथा रहटगांव में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 649.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 590.3 मि.मी., टिमरनी में 813.4 मि.मी., खिरकिया में 739.9 मि.मी., सिराली में 535.9 तथा रहटगांव में 568.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 12 अगस्त तक 652.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने लगाया कालाबाजारी का आरोप

# 6 माह से गोदाम में रखा डीएपी खाद किसानों की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

गोंदागांव सहकारी समिति के गोदाम में सोमवार शाम को किसानों ने हंगामा किया। गोदाम में 2 हजार 300 बोरी डीएपी खाद रखी मिली। ये खाद फरवरी से गोदाम में पड़ी थी, लेकिन किसानों को वितरित नहीं की गई। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई ने अधिकारियों पर कालाबाजारी का आरोप लगाया।

उन्होंने बताया कि पवन पुत्र ट्रांसपोर्ट के जरिए 12 फरवरी को ये खाद गोंदागांव कलां भेजी गई थी। किसान रोजाना लाइन में लगकर खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान अहलवाड़ा गांव के किसान महेंद्र सिंह जाट उर्फ जीवन गोदारा ने आवेदन देकर गोंदागांव कला सोसाइटी के प्रबंधक, प्रशासक और सभी कर्मचारियों को हटाने की मांग की। उन्होंने छह महीने से रखी



डीएपी खाद के वितरण न करने के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। किसान ने चेतावनी दी है कि अगर 20 अगस्त तक निष्पक्ष जांच नहीं होती है, तो वे 21 अगस्त से भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे।

किसान आक्रोश मोर्चा के रामजीवन बाष्ट के अनुसार, मामला उजागर होने के बाद समिति प्रबंधक और इफको के अधिकारी लीपापोती में जुट गए। अधिकारी ट्रक यूपी 78 सीएन 5831 में डीएपी को अन्यत्र भेजने की तैयारी कर रहे थे। किसानों ने कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से शिकायत की। इसके बाद ट्रक से बोरियां उतरवाई गईं। डीडीए जेएल कास्दे ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी। अब यह खाद किसानों को वितरित की जाएगी। साथ ही लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई ने कहा कि जहां कुछ लोगों पर एक दो मामले होने के बाद प्रशासन के द्वारा जिला बदर की कार्रवाई कर दी जाती है। लेकिन गोंदागांव सोसाइटी के समिति सेवक पर 14 मामले दर्ज होने के बाद भी प्रशासन और सम्बंधित विभाग ने अब तक कोई कार्यवाही नही की है। जिसमें इफको कम्पनी के मैनेजर की मिलीभगत से किसानों को बांटने के लिए आए खाद को स्टाक करके रखा हुआ है।

### सड़कों के गड्ढों की मरम्मत कराएं

# छात्रावास में खुले बिजली के तार न रहें: कलेक्टर



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बारिश के बाद सभी नगरीय क्षेत्रों में सड़कों के गड्ढों की मरम्मत करवाने के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। मंगलवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि नगरीय क्षेत्रों की सड़कें दुरूस्त रहें, इसके लिये सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी जिम्मेदार रहें। बैठक में उन्होने जिले में छात्रावासों में तमाम आवश्यक व्यवस्थाएं माकूल रखे जाने के निर्देश देते हुए कहा कि छात्रावासों में सुरक्षित विद्युत फिटिंग रहे, कहीं भी खुले विद्युत वायर न रहें। बैठक में एचपीएम कम्पनी की दवाइयों से फसलों को हुए नुकसान के मामले में उन्होने कम्पनी के विरूद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश दिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को जिले में खाद्य एवं पेय पदार्थों की शुद्धता की सघन जांच करने के लिये निर्देशित किया गया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी विभागीय शिकायतों की जानकारी से अनभिज्ञ मिलने पर उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इसरी तरह सिराली नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निरन्तर कर्तव्यों के पालन में लापरवाही किये जाने पर नोटिस जारी करने को कहा गया। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों सहित सीएम एवं सीएस मॉनिट में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं अफसरों को निराकरण के निर्देश दिए

### कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जनसुनवाई हुई

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं संजीव नागू, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण कुमार इवने के साथ-साथ एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में ग्राम मोहनपुर निवासी सावत्रीबाई पाचोले ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बताया कि उसे किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिस पर उन्होने तहसीलदार हरदा को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। विकास नगर हरदा निवासी राजाराम ने विद्युत मीटर बंद होने की शिकायत कलेक्टर जैन से की, जिस पर उन्होने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम पीपलघटा के



ग्रामीणों ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बताया कि नल जल योजना के तहत लगाये गये नलों में पानी नहीं आ रहा है। इस पर उन्होने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम बारंगा निवासी पुनम विश्नोई ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर बताया कि उसे अभी तक पीएम किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिस पर उन्होने तहसीलदार खिरकिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर ने दिलाई स्वच्छ, सुजल और सतत विकास की शपथ



हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों को गांव व पंचायत को स्वच्छ, सुजल और सतत विकास की ओर अग्रसर करने में सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी अधिकारियों ने शपथ ली कि वे स्वच्छता को अपने स्वभाव और संस्कार का अभिन्न अंग बनायेंगे। हर घर जल कार्यक्रम के तहत बनाई गई परिसम्पत्तियों नल जल कनेक्शन, पम्प हाउस, ओवर हेड टैंक व अन्य बुनियादी ढांचे की रक्षा करेंगे। घर, गांव, शहर और आसपास सूखा कचरा एवं गीला कचरा का सही निष्पादन करेंगे। सिंगल यूज होने वाली प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करेंगे तथा प्लास्टिक कचरे का समुचित प्रबन्धन करेंगे। स्वच्छता के साथ-साथ पानी को प्रसाद की तरह इस्तेमाल करेंगे और इसका सदुपयोग करके गंदे जल का समुचित निष्पादन करेंगे।

### बढ़ते उच्च रक्तचाप पर कार्यशाला

# 30 वर्ष से अधिक के हितग्राहियों का हेड अकाउंट सर्वे अनिवार्य: अगनानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

स्पंदन कार्यक्रम के तहत एमसीडी कार्यक्रम एवं 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में बढ़ते उच्च रक्तचाप के प्रबंधन विषय पर जिले की सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर की कार्यशाला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई।

कार्यशाला में रिसाल्व टू सेव लाइव के वरिष्ठ सलाहकार एवं पूर्व आईएएस डॉ. मनोहर अगनानी ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी हितग्राहियों का हेड अकाउंट सर्वे होना अनिवार्य है। सभी के सीबैक फॉर्म अनिवार्य रूप से आशा कार्यकर्ता के माध्यम से भराए जाए एवं जिनके वैल्यू स्कोर 4 से अधिक है, उनका उपचार प्रारंभ किया जाए। उन्होने बताया कि 30 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का स्क्रीनिंग कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर के माध्यम से किया जाना है, जिन हितग्राहियों का बीपी 120/80 से अधिक है, उनका तत्काल उपचार प्रारंभ किया जावे।

डॉ. अगनानी ने कहा कि उपचार के दौरान प्रत्येक हितग्राही को एक माह की दवा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं एवं उनका निरंतर फॉलो करते रहें ताकि संबंधित हितग्राही की स्थिति का पता लगाया जा सके। यदि हितग्राही का बीपी काम नहीं हो रहा है तो उसे डोज बढ़कर दिया जावे ताकि स्थिति को कंट्रोल किया जा सके। उन्होंने कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को समय सीमा में दवाइयों की मांग करने एवं हितग्राहियों को प्रोटोकॉल के अनुसार पूरी दवा दिए जाने के निर्देश दिए। कार्यशाला में पूर्व आईएएस डॉ. मनोहर अगनानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एचपी सिंह, स्टेट टीम लीड जापाइगो डॉ ज्योति बनवारी, डॉ रवि कुमार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनिल द्विवेदी, मनीष सिंह सहित जिले के सभी कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए

# कुबेरेश्वरधामः कंकर-कंकर में हैं शंकर, रोज आ रहे हजारों श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कंकर-कंकर शंकर का अर्थ है कि कुबेरेश्वर धाम में हर कंकर को भगवान शिव का रूप मानकर पूजा जाता है, और यह इस धाम की एक अनूठी विशेषता है। सोमवार को भी करीब 20 हजार से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने धाम पर पहुंचकर भजन-कीर्तन और ध्यान के साथ बाबा का अभिषेक किया। इन दिनों बड़ी संख्या में महाराष्ट्र के श्रद्धालु आ रहे है। जिससे शहर के सीवन घाट से करीब 11 किलोमीटर भक्तिभाव से धाम पर पहुंच रहे है और अभिषेक का क्रम जारी है। जानकारी के अनुसार सोमवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, शाम को बाबा की आरती की गई। वहीं सुबह यहां पर अनेक श्रद्धालु कांवड लेकर पहुंचे, कांवड़ का महत्व सदियों पूर्व का है। कांवड़ यात्रा सिर्फ यात्रा नहीं भक्तों के असीम धैर्य, प्रेम व लगन का संगम है। जहां-जहां कांवड़िए दिखाई देते हैं ऐसा लगता है भक्ति वहां स्वयं प्रकट हो गई।

**धाम पर हर तरफ भक्ति, यात्रा, पूजन, कीर्तन :** विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि 12 ज्योर्तिलिंग के मध्य में प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम करोड़ों श्रद्धालुओं का केन्द्र है। यहां पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आने वाले श्रद्धालुओं ने निशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाती है। यहां पर आने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पर कंकर-कंकर में शंकर की पूजा अर्चना करते है।

भगवान शिव वैसे तो हमेशा ही अपने भोलेपन में खुश होकर भक्तों को वरदान देते रहे हैं भक्तों की भावनाओं को, उनके द्वारा किये अभिषेक को वे सहर्ष स्वीकार करते हैं। ऐसी भक्तों की आस्था है, वैदिक धर्म को मानने वाले ईश्वर के जन्मोत्सव, विवाह आदि को भी अपनी रुचि के अनुसार मनाकर उस ईश्वर के सामीप्य को महसूस कर स्वयं को आनन्दित करते हैं। भक्ति, यात्रा, पूजन, कीर्तन आदि उनके दैनिक जीवन के अंग हैं।

### मानव श्रृंखला का आयोजन आज

# खेल और युवा कल्याण विभाग ने तिरंगा यात्रा निकाली



**हरदा।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा का शुभारंभ रक्षित निरीक्षक रजनी गुर्जर एवं यातायात प्रभारी उमेश सिंह ठाकुर, विद्यालय प्राचार्य संतोष यादव एवं विकासखण्ड समन्वयक सलमा खान ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को तिरंगा शपथ दिलाई गई। यह तिरंगा यात्रा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग अस्पताल चौक, अंबेडकर चौक, स्टेट बैंक, सब्जी मंडी, प्रताप चौक, खेत वाली माता गली से होते हुये शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में व्यायाम शिक्षक राजेश वीलिया, जिला खेल प्रशिक्षक मोनिका मेहता, लेखापाल मनीष शर्मा, व्यायाम शिक्षक नीरेन्द्र सेवारिक, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व विद्यार्थी सम्मिलित हुए। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत 13 अगस्त को तिरंगा मानव श्रृंखला का आयोजन किया जावेगा।

## कलेक्टर ने सेल्फी प्वाइन्ट पर ली सेल्फी




**हरदा।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के प्रति जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान संचालित किया या। इस दौरान हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता जागरूकता कैनवास पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू, जिला पंचायत के अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किये। इस दौरान अभियान के तहत स्थापित किये गये सेल्फी प्वाइंट पर कलेक्टर जैन सहित अधिकारियों कर्मचारियों ने सेल्फी भी ली।

## तिरंगा बाइक रैली आयोजित




मंगलवार को बाइक रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मोटर सायकिल की सवारी कर बाइक रैली का शुभारम्भ किया। यह बाइक रैली हर घर तिरंगा यात्रा का संदेश देते हुए मिडिल स्कूल ग्राउण्ड से प्रारम्भ होकर तिवारी कोचिंग, अस्पताल चौराहा, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, राठी पेट्रोल पम्प, नारायण टॉकीज, चाण्डक चौराहा, घंटाघर, खेड़ीपुरा नाका, बायपास चौराहा, प्रताप टॉकीज, सब्जी मंडी होते हुए मिडिल स्कूल ग्राउण्ड पर सम्पन्न हुई। बाइक रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने, रक्षित निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बाइक रैली के समापन पर उपस्थित जनों को तिरंगा शपथ दिलाई गई।

## सिराली में तिरंगा यात्रा व स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया




**हरदा।** मंगलवार को सिराली में तिरंगा यात्रा व स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के विद्यार्थी, शिक्षक तथा नगर परिषद के स्वच्छता नोडल अधिकारी आर. के. पासी, प्रभारी दीप सिंह तोमर एवं चित्रेश सिंह कुशवाहा तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को शपथ दिलाई गई। इसके अलावा सिराली में स्वच्छता कर्मचारी द्वारा तिरंगा अभियान के तहत स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान सिराली के वार्ड क्रमांक 4 में प्रभारी दीप सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व व्यापारी सम्मिलित हुए।

## मानव श्रृंखला व तिरंगा संध्या आज

**हरदा।** देश प्रेम, एकता, देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 13 अगस्त बुधवार को मानव श्रृंखला व तिरंगा संध्या का आयोजन किया गया है। मानव श्रृंखला का आयोजन प्रातः 10 बजे नेहरू स्टेडियम हरदा में होगा। उसी दिन तिरंगा संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नेहरू स्टेडियम हरदा में शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा। इसके अलावा अभियान के तहत 14 अगस्त को सुबह 8 बजे घण्टा घर चौक से मैराथन दौड़ तथा शाम 4 बजे से थाना कोतवाली हरदा में तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मैराथन दौड़ घण्टाघर चौक से प्रारम्भ होकर चाण्डक चौराहा, पोस्ट ऑफिस चौराहा, परशुराम चौक, काली माता मंदिर, सनफ्लॉवर स्कूल होते हुए नेहरू स्टेडियम पर सम्पन्न होगी।

# बस ने बाइक सवारों को मारी टक्कर सड़क से दूर जाकर पलटी, 22 घायल

**बुधनी।** सोमवार दोपहर बरेली से नर्मदापुरम जा रही बस बगवाड़ा के पास बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद पलट गई जिसमें 20लोगों को चोटें आईं हैं वहीं बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम दिनेश तोमर,तहसीलदार ललित सोनी,एसडीओपी रवि शर्मा,थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेली से नर्मदापुरम जा रही मालवीय बस क्रमांक एमपी 38पी0612 ने ग्राम बगवाड़ा के पास मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी और खेत में जाकर पलट गई मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बगवाड़ा निवासी मांगीलाल पुत्र स्वर्गीय सुंदरलाल उम्र 49वर्ष एवं हिमेश पुत्र मांगीलाल उम्र लगभग 17वर्ष दोनों बाइक सवार पिता पुत्र को नर्मदापुरम पहुंचाया। घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया।